नवभारत
भोपाल, बुधवार, 15 अप्रैल, 2026

तौल कराने के लिए परेशान हो रहे किसान, किया चक्काजाम

रात्रि में खरीदी केंद्र पर पहुंचे कलेक्टर, किसानों की सुन अधिकारियों को जमकर लगाई फटकार

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। खरीदी केंद्रो पर तौल कराने के लिए किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते आए दिन आक्रोशित किसानों द्वारा चक्काजाम कर दिया जाता है, जहां एक दिन पहले रातीखेड़ा पर तौल के लिए परेशान हो रहे किसानों ने चक्काजाम किया, तो वहीं मंगलवार को कोलुआ रोड़ स्थित कुड़ी घाट पर तौल न होने की बजह से सड़क पर ट्रेक्टर ट्राली रखकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि तौल समय पर शुरू हो जाना चाहिए थी, लेकिन समिति प्रबंधक द्वारा तौल में देरी की गई, जिसकी बजह से किसानों ने चक्काजाम कर दिया। जिसकी बजह से सड़क के दोनो ओर वाहनों की कतार लग गई।

मंगलवार को किसानों द्वारा खरीदी केंद्र पर तौल शुरू न होने के काफी दिक्कतो का सामना किया। इस दौरान किसानों ने बताया कि वे कई दिनों से अपनी उपज लेकर रुके हुए हैं। उन्होंने यह भी शिकायत की कि शाम को जल्दी ही तौल बंद कर दी जाती है, जबकि कुछ अन्य स्थानों पर देर रात तक तुलाई जारी

रहती है। चक्काजाम की सूचना मिलते ही देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तो वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। कृषि उप संचालक अमित सिंह भदौरिया ने किसानों से बातचीत की। किसानों ने उन्हें बताया कि समिति प्रबंधक देर से आता है, जिससे कम किसानों की उपज की तुलाई हो पाती है। जिसके बाद अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि अब समय पर तौल शुरू की जाएगी और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसके बाद किसान चक्काजाम से हटे और पुर्व की तरह यातायात सामान्य हो सका।

रात में पहुंचे कलेक्टर, अधिकारियों ने सुनाई खरी-खरी

ग्राम सिजावट स्थित वेयरहाउस पर तौल बंद होने की जानकारी किसानों द्वारा कलेक्टर साकेत मालवीय को दी, जिसके बाद रात्रि में कलेक्टर उक्त केंद्र पर पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान बताया कि खरीदी केंद्र पर विगत 8 अप्रेल से तौल बंद है। तो वहीं कलेक्टर ने अधिकारियों से सवाल पूछे की आखिर तौल शुरू क्यों नहीं हुई, जिस पर मुंशी के ना पहुंचने की बात सामने आई। जिस पर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा यदि समिति प्रबंधक नहीं है, तो क्या किसानों की फसल नहीं तोली जाएगी? जिला अधिकारी होने के नाते उन्हें तुलाई सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा, आप डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर हो, मुंशी न होने की स्थिति में तुलाई शुरू नहीं कर पा रहे। मुंशी नहीं होगा तो क्या काम नहीं होगा?, कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसान अपनी फसल लेकर खड़े रहेंगे और अधिकारी चैन से सोएंगे, ऐसा बिल्कुल नहीं होने दिया जावेगा।

एक दिन पहले रातीखेड़ा पर लगाया था जामः

एक ओर जहां खरीदी केंद्रो पर सरकार द्वारा उपज की तौल प्रारंभ कर दी गई है, जिसके बाद मैसेज पहुंचने के बाद किसान अपनी उपज तौल कराने के लिए खरीदी केंद्रो पर पहुंचे, लेकिन इन केंद्रो पर तौल न होने की बजह से किसानों को काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। ऐसा ही रातीखेड़ा स्थित वेयर हाउस पर बनाए खरीदी केंद्र पर देखने को मिला, जहां तौल प्रारंभ न होने की बजह से गुस्साए किसानों द्वारा चक्काजाम कर दिया। जिन्हें पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइस दी, जिसके बाद किसानों ने जाम खोला।

तेज रफ्तार ट्राले ने राहगीर को कुचला, हुई मौत

घटना के बाद मौके पर जमा हुई भीड़

पुलिस ने भीड़ को किया तितर-बितर

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। देहात थाना अंतर्गत कोलुआ रोड़ पर एक तेज रफ्तार ट्राला ने सड़क पर चल रहे राहगीर को कूचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और उन्होंने ट्राला को रोक लिया, तो वहीं जिस ट्राला से यह हादसा हुआ, उसमें नल जल योजना के पाईप रखे हुए थे।

दरअसल मंगलवार की सुबह प्रतिदिन की तरह यादव कालोनी निवासी रामबाबू पुत्र सुजान सिंह यादव कैंपर देने के लिए कोलुआ रोड़ पर पहुंचा, जहां एक ओर अपनी बाईक रखकर दूसरी तरफ की दुकानों पर कैंपर रखने के लिए गया था, इसी बीच सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्राला क्रमांक आर जे 14, जी जे 0772 ने उसको रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद स्थानीय लोग उग्र हो गये और उसने ट्राला को रोक लिया। वहीं घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंचे देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा मृतक के शव को वाहन के नीचे से निकाला गया और उसे पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। वहीं एकत्रित भीड़ को पुलिसकर्मियों को तितर वितर किया गया। वहीं पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर जांच में लिया है।

एक नजर में

बाइक से गिरकर महिला की मौत

अशोकनगर। मुंगावली थाना क्षेत्र के तहत एक महिला की मोटर साईकिल से गिरकर मृत्यु हो गई। पुलिस को फतेहसिंह पुत्र रज्जु आदिवासी निवासी बंदला सोनाई ने बताया कि वह मुलियाबाई पत्नि दयाराम के साथ जा रहा था, इसी बीच उनकी बाईक चंदेरी रेलवे फाटक के पास गिर गई, जिसमें मुलियाबाई गंभीर रूप से घायल हो गई,जिसे अस्पताल लाया गया, जहां दौराने उपचार उसकी मृत्यु हो गई।

घंटी डॉक्टर पर मामला दर्ज

अशोकनगर। चंदेरी पुलिस ने नगर मे घंटी डॉक्टर के नाम से मशहूर प्रदीप पर मामला दर्ज किया है। दरअसल सोमवार को रेखा पत्नि भगवान कोली की मृत्यु हो गई। मृत्यु से पहले मृतक महिला घंटी डॉक्टर के पास अपने दांत का इलाज कराने के लिए पहुंची, जहां बिना जांच पड़ताल के उक्त कथित डॉक्टर द्वारा महिला को इंजेक्शन लगा दिया गया, जिसके कुछ मिनिट बाद महिला ने दमतोड़ दिया था।

बीमारियों को न्यौता दे रहे बिना प्लेटफार्म के हैंडपंप

पीएचई के पास लक्ष्य नहीं, ग्राम पंचायतें समस्याओं से बेखबर, लोगों को रहता है खतरा

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर क्षेत्र के दर्जनों सरकारी हैण्डपंपों में प्लेटफार्म नहीं है। जिससे हैण्डपंपों के आसपास पानी का भराव हो रहा है और यह पानी सीधे बोर में जा रहा है। पानी के हैण्डपंपों के पास जमा रहने और बोर में जाने के कारण पानी दूषित होने की आषंका बढ़ रही है। इस तरह की लापरवाही सीधे-सीधे बीमारियों को दावत देना है। इन दिनों मौसम दिन प्रतिदिन गर्म होता जा रहा है।

यह मौसम पानी में बीमारी जनित कीटाणुओं के पनपने का मौसम है। ऐसे में बगैर प्लेटफार्म वाले हैण्डपंप जल जनित बीमारियों को फैलाने वाले साबित हो सकते हैं। खास बात है कि पीएचई के पास बीते डेढ़ वर्ष से बगैर प्लेटफार्म वाले हैण्डपंपों पर प्लेटफार्म बनाने के लिए कोई राशि नहीं आई है। पीएचई के उपयंत्री रोहित त्यागी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कम से कम 50 हैण्डपंपों के प्लेटफार्म बनाने का लक्ष्य आता था लेकिन डेढ़ साल से बंद है। उन्होंने कहा कि हमने पोस्ट मानसून क्लोरीनेशन जरूर सभी हैण्डपंपों में कराया है। दूसरी ओर भले ही पीएचई के पास बजट न हो लेकिन यह काम ग्राम पंचायतें पंद्रहवें वित्त की 30 प्रतिशत राशि से करा सकती हैं। जिसमें करीब साढ़े आठ हजार रुपए का खर्च आता है। वहीं सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. वायएस तोमर ने बताया कि पानी दूषित होने से आंत संबंधी कई बीमारियां होता हैं। जिनमें सबसे प्रमुख उल्टी-दस्त है। यदि लगातार दूषित पानी का सेवन किया जाए तो व्यक्ति की जान भी जा सकती है।

मामला नंबर-1. बंगला चौराहा से अशोकनगर मार्ग पर ग्राम पंचायत गुपलिया के अंतर्गत एक हैण्डपंप है। जो कि नेहकाई जाने वाले रास्ते के जोड़ पर लगा हुआ है। करीब दस वर्ष पहले बंगला चौराहा से अषोकनगर के लिए नई सड़क बनी तो यह हैण्डपंप नीचे हो गया। गुपलिया के युवा सेतूराजा ने बताया कि यहां राहगीर रुक कर पानी पीते हैं। इस हैण्डपंप का प्लेटफार्म पूरी तरह से जमीन में दबा हुआ है। हैण्डपंप से निकलने वाला पानी वापिस बोर में चला जाता है। रोजगार सहायक महेष यादव ने बताया कि सरपंच-सचिव सुनते नहीं है। गांव की समस्याओं के प्रति उनका ध्यान नहीं है।

मामला नंबर-2. बहादुरपुर-मुंगावली के बीच में काछी बरखेड़ा चौराहा है। यहां से एक रास्ता पिपरई, एक रास्ता कुम्हर्रा-बर्री तक भी जाता है। इस चौराहे पर लगा हैण्डपंप राहगीरों की प्यास बुझाने का एकमात्र स्त्रोत है। इस हैण्डपंप का प्लेटफार्म भी टूटा हुआ है और पानी मौके पर ही जमा होता है। जनपद सदस्य परवीन बी ने बताया कि यहां बड़ी संख्या में मवेशी पानी की तलाश में घूमते हैं, हौदी भी नहीं बनी है। उन्होंने इसकी सूचना जनपद पंचायत मुंगावली में भी दी है। काछी बरखेड़ा के सचिव चंद्रकांत पटेल ने बताया कि उक्त हैण्डपंप हमारी ग्राम पंचायत की सीमा में नहीं आता है।

मामला नंबर-3. ग्राम पंचायत कुकावली के अंतर्गत अजा बस्ती खुशीपुरा है। यहां के शासकीय प्राथमिक विद्यालय के पास लगे हैण्डपंप के चारों ओर गंदा पानी भरा हुआ है। शाला प्रभारी नत्थू सिंह ने बताया कि हैण्डपंप के संबंध में एक बार ग्राम पंचायत को आवेदन दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत सचिव जयराम रजक ने बताया कि इस संबंध में कार्रवाई चल रही है। काछी बरखेड़ा चौराहे पर प्लेटफार्म के साथ हौदी भी बनवा रहे हैं।

इनका कहना है।

यह काम पीएचई का है, यदि उनके पास बजट नहीं है तो जहां-जहां हैण्डपंपों के प्लेटफार्म टूटे हुए हैं। वहां हम ग्राम पंचायतों को निर्देशित करते हैं कि टूटे हुए प्लेटफार्म हैं, वहां नए बनवाएं और मवेशियों के लिए हौदी भी बनवाएं।

आलोक प्रताप इटौरिया,
मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मुंगावली

बी-पैक्स कर्मचारियों की हड़ताल जारी

सदबुद्धि के लिए करेंगे सुंदरकांड

विभिन्न मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल

नवभारत न्यूज

शाढ़ौरा। बी पैक्स कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल आज पांचवें दिन भी जारी रही। बुधवार को हड़ताली कर्मचारियों द्वारा 1 बजे से बैंक अधिकारियों की सद्बुद्धि हेतु हड़ताल स्थल पर ही सुंदर कांड पाठ किया जाएगा। समय पर वेतन भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर बी पेक्स संस्थाओं के कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हैं। समय पर वेतन भुगतान न होने के कारण बी- पेक्स संस्थाओं के कर्मचारी शुक्रवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे हैं। हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि बी- पेक्स संस्थाएं जिला अशोकनगर के समस्त कर्मचारी समय पर वेतन भुगतान ना होने के कारण परेशान होकर अब अपनी अन्य विभिन्न मांगों को लेकर 10 अप्रेल से अनिश्चित कालीन कलम बंद हड़ताल पर चले गये हैं। जिसके कारण अब जिले में होने बाली गेंहू, चना एवं मसूर की खरीदी पर संकट मंडरा गया है। और साथ ही साथ उपभोक्ताओं को मिलने वाला राशन भी बंद रहेगा। और संस्थाओं के सभी काम ठप पड़ गये हैं। दरअसल बी पैक्स कर्मचारियों द्वारा शेष वेतन भुगतान, नई कलेक्टर दर से वेतन सहित अन्य मांगे की जा रही है।

19 को मनाई जाएगी परशुराम जयंती, गांधी पार्क पर होगी महाआरती

नवभारत अशोकनगर। भगवान परशुराम की जयंती 19 अप्रेल को जिलेभर में भक्तिभाव के साथ मनाई जाएगी, जिसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार एक विशेष बैठक आयोजन सर्व ब्राह्मण महापंचायत धर्मशाला में किया गया। जिसमें युवाओं की टोलियां बनाई गई, जो घर घर जाकर लोगों से संपर्क करेगी और शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेगी। इसके अलावा शोभायात्रा का शानदार बनाने के लिए कई प्रकार की तैयारियां की जा रहीं है। जिसके चलते इस बार महाआरती का आयोजन गांधी पार्क पर किया गया, जहां पर भगवान परशुराम की महाआरती की जाएगी। बताया गया है कि इस महाआरती गंगा आरती से नजारा नजर आयेगा, जिसकी तैयारियां संगठन के सदस्यों द्वारा की जा रहीं है। बैठक में डॉ दीपक मिश्रा ने कहा कि हम भगवान राम, परशुराम, भगवान कृष्ण को मानने वाले हैं। उन्होंने समस्त समाजो को आमंत्रित किया है कि वह इस शोभायात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ कमाए। बैठक में बड़ी संख्या में ब्राह समाज के लोग मौजूद रहे।

आईपीएल के सट्टा में कोतवाली पुलिस का एक्शन

ऑनलाइन सट्टा खिलाते एक गिरफ्तार

पुलिस ने कहा: सट्टा गिरोह का हुआ खुलासा

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। आईपीएल के सीजन के दौरान कोतवाली पुलिस सक्रिय है और वह लगातार ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वालो पर निगरानी बनाए हुए है,जिसके चलते पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, तो वहीं उसके पास से मोबाइल सहित अन्य सामग्री जब्त किये गये है। वहीं पुलिस द्वारा इस पूरे गिरोह का खुलासा करने की बात कहीं गई है।

दरअसल 13 अप्रेल को राजस्थान रॉयल्स एवं सनराइजर्स हैदराबाद के बीच चल रहे क्रिकेट मैच के दौरान थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर अवैध ऑनलाइन आईपीएल सट्टे के विरुद्ध कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान उप निरीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी मोंटी जैन उम्र 25 वर्ष निवासी दुबे कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उसके कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल एवं सट्टा संचालन में प्रयुक्त अन्य सामग्री जप्त करते हुए उस पर धुत क्रीडा अधिनियम एवं धारा 112 1 बीएनएस कायम किया गया। वहीं पुलिस ने जप्त मोबाइल की जांच में विभिन्न वेबसाइटों पर संचालित आईपीएल सट्टे की कई आईडी, बडे ट्रांजेक्शन से संबंधित स्क्रीनशॉट, फोनपे ट्रांजेक्शन हिस्ट्री तथा गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों के साथ हुई बातचीत के महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। प्रारंभिक जांच में अन्य आरोपी अंश रघुवंशी, अभिषेक महाना सहित इंदौर में सक्रिय कई अन्य संदिग्ध व्यक्तियों के मोबाइल नंबर प्राप्त हुए हैं, जिनके आधार पर

प्रकरण में अन्य आरोपियों के नाम जोड़े गए हैं। तकनीकी साक्ष्यों एवं ट्रांजेक्शन हिस्ट्री के विश्लेषण के साथ-साथ गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों की संलिप्तता के संबंध में विस्तृत जानकारी एकत्रित की जा रही है।

कार्यक्रम

पक्ष-विपक्ष से लेकर सामाजिक संगठनों ने किया माल्यार्पण, शहर से लेकर गांव तक हुए आयोजन

जिलेभर में उत्साह के साथ मनाई गई संविधान निर्माता की जयंती

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जंयती मंगलवार को जिलेभर में उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न आयोजन हुए, जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने की बात कहीं गई। तो वहीं अहिरवार समाज के लोगों जुलूस निकाला गया, जिसमें समाज सहित शहर के अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए। तो वहीं बाबा साहब की जयंती का उत्साह ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिला, जहां युवाओं से लेकर गांव के बुजुर्गो ने संविधान निर्माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, तो वहीं गांव में

जुलूस भी निकाले गए।

वहीं नगर में संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा अंबेडकर पार्क पहुंचकर माल्यार्पण करते हुए गोष्ठी का आयोजन किया गया। तो वहीं शहर में एक चल समारोह निकाला गया, जिसमें देश की झांकी दिखाई गई, तो वहीं चल समारोह में विभिन्न महापुरूषों की चित्र बग्गियों में रखे गए, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं चंदेरी, मुंगावली, शाढ़ौरा और चंदेरी में भी आयोजन हुए।

पार्क पहुंचकर किया माल्यार्पणः

भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग विदिशा रोड़ स्थित पार्क पहुंचे, जहां उन्हें माल्यार्पण करते हुए याद किया गया। इस दौरान सत्ताधारी दल से लेकर विपक्षीय नेताओं ने संविधान निर्माता के राष्ट्र के लिए किये गये योगदान के लिये याद किया। इसके साथ ही शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन और कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब पर माल्यार्पण किया।

सेन महाराज की जयंती पर जिलेभर में आयोजन

नवभारत न्यूज

अशोकनगर/मुंगावली/ सेन समाज के आराध्य देव सेन महाराज की 726 वीं जयंती जिलेभर में हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान जिला मुख्यालय सहित चंदेरी और मुंगावली में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में सेन समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। मुंगावली में सेन महाराज की जयंती श्री राधा कृष्ण मंदिर से सेन समाज द्वारा एक चल समारोह निकाला गया, जो नगर प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचा। इस चल समारोह में घोड़े पर बालिकाएं पगड़ी बांधे हूई हाथों में झंडा लिए हुए चल रही थी। इस शोभायात्रा का शहर में कई जगह स्वागत किया गया। तो वही गणेश शंकर विद्यार्थी चौराहे पर ज्ञानलय परिवार संयोजक अर्जुन यादव द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर चल समारोह में शामिल रहे लोगों

का ठंडा पिलाकर स्वागत किया। इस दौरान अर्जुन यादव कहा कि मध्यकाल के संतो में सेन महाराज का नाम अग्रणी है, उन्होंने सदा पवित्रता और सात्विकता पर जोर दिया। सत्य, सद्भावना और अहिंसा से जुड़ा उनका संदेश लोगों का सदा मार्गदर्शन कराता रहेगा। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे, अविनाश यादव, अनिकेत भार्गव , इंद्रजीत यादव,गुरुशरण यादव, आयुष दुबे सहित ज्ञानालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

मध्यकाल के संतों में सेन महाराज अग्रणी

चंदेरी। सेन समाज द्वारा मंगलवार को संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती धूमधाम और उल्लास के साथ मनाई गई। जिसके चलते जहां सेन समाज मंदिर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां समाज जनों ने पहुंचकर संत शिरोमणि की पूजा अर्चना करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने की बात कहीं। तो वहीं एक चल समारोह निकाला गया, जिसमें समाज के लोग शामिल हुए।